हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


11 महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी कार्य में तेजी...





12 तहसील साहू संघ ने मनाई दानवीर भामाशाह...




## खबर संक्षेप

### लक्ष्यशील का इसरो युविका 2026 में चयन

**पलारी ।** नगर पंचायत रोहांसी के छात्र लक्ष्यशील साहू का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के प्रतिष्ठित युविका 2026 कार्यक्रम में हुआ है। लक्ष्यशील आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर में विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी, जहां देश के सबसे बड़े रॉकेट लॉन्च किए जाते हैं। इसी ऐतिहासिक और हाई-टेक केंद्र में वे वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में अंतरिक्ष विज्ञान, रॉकेट तकनीक, सैटेलाइट सिस्टम और स्पेस मिशन की गहराई से जानकारी हासिल करेंगे। देश के टॉप वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद युवीका कार्यक्रम के तहत लक्ष्यशील को वरिष्ठ वैज्ञानिकों से सीधे सीखने का मौका मिलेगा। यह अनुभव उनके करियर को नई दिशा देगा और भविष्य में उन्हें एक सफल वैज्ञानिक बनने की राह दिखाएगा। संघर्ष से सफलता तक का सफर सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्यशील ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शहरवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### आवासीय खेल अकादमी में भर्ती ट्रायल 28 अप्रैल को रायपुर में

**बलौदाबाजार ।** रायपुर में संचालित विभागीय आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी, फुटबॉल एवं वेटलिफ्टिंग चयन ट्रायल का आयोजन 28 अप्रैल से शुरू रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 एवं 29 अप्रैल को तीरंदाजी, फुटबॉल एवं वेटलिफ्टिंग का चयन ट्रायल होगा। इसी तरह हॉकी एवं एथलेटिक्स का चयन ट्रायल 30 अप्रैल से 1 मई तक प्रातः 7बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक बालिका खिलाड़ी एवं अन्य राज्य के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में तथा द्वितीय दिवस खेल कौशल परीक्षण तीरंदाजी खेल हेतु तीरंदाजी एरिना बालिका खेल छात्रावास के सामने मैदान होगा। रायपुर में हॉकी खेल हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-02 बालक खेल छात्रावास के सामने रायपुर में तथा फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं वेटलिफ्टिंग खेल हेतु स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम रायपुर में किया जाएगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है।

## मौसम : तापमान में उतार चढ़ाव के कारण उमस से बढ़ी बेचैनी

# भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, बढ़ते तापमान का कहर, जलसंकट भी बढ़ा, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

इन दिनों क्षेत्र में पड़ रही उमस भरी गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान लगातार 40 डिग्री के आसपास बने रहने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। खासकर दोपहर के समय नगर के प्रमुख चौक-चौराहे और गलियों में सन्नाटा पसरा रहता है। आम दिनों में चहल-पहल रहती थी। सुबह क 10 बजे के बाद ही गर्मी का असर तेज हो जाता है, जिससे लोग जरूरी काम जल्दी निपटाकर घर लौटने को को मजबूर हो रहे हैं। तेज धूप और उमस के कारण बाजारों में भी भीड़ कम देखने को मिल रही है।

छोटे दुकानदारों का कहना है कि दोपहर के समय ग्राहक व लगभग न के बराबर आते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडा पेय पदार्थ का उपयोग कर रहे हैं।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग न पंखा, कूलर और जहां संभव हो वहां एसी का सहारा ले रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति लोगों की परेशानी और बढ़ा रही है। उमस के कारण लोगों को घबराहट, थकान और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की गर्मी में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए और दोपहर के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचना चाहिए। हल्के और सूती कपड़े पहनने की सलाह भी दी जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।





### मटकों की बढ़ी मांग

छत्तीसगढ़ में प्रायः अक्षय तृतीया के बाद घड़े का उपयोग किया जाता है। नगर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में अक्ति के बाद मिट्टी के घड़े खरीदने की परंपरा चली आ रही है। घड़े में रखा पानी संतुलित ठंडक प्रदान करता है। शहर के नगर पंचायत चौक में अक्ति के बाद घड़े बेचने वाले नजर आ रहे हैं। सूखे कंठ को तर करने देसी देसी फ्रिज की बढ़ी मांग - लगातार बढ़ते तापमान से लोग हलकान हो रहे हैं । पिछले 5 दिनों से 7 डिग्री सेल्सियस पर चढ़ा है। बुधवार को तापमान 42 डिग्री रहा। तेज गर्मी के चलते दोपहर 10:00 के बाद सड़क में आवागमन कम और शाम के 5:00 बजे से फिर से यातायात का दबाव सड़कों पर बना रहा है ।सभी के घरों से पंखे और पूरा चलने लगे हैं । आकती पर्व लोग देसी फ्रिज यानी मिट्टी के मटके के डिमांड बढ़ने लगी है। चिलचिलाती गर्मी में सूखे कंठ को तर करने घड़ों का शीतल जल मिल जाए तो क्या कहना। गर्मी के इस मौसम में ठंडे पानी के लिए मटकों से बेहतर कोई उपाय नहीं है। ठंडे पानी के लिए इन दिनों मटकों की मांग बढ़ गई है। हर साल गर्मी में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हारों के हाथों की बनी सुराही, घड़े की मांग बढ़ जाती है। नगर के गुरुवार बाजार, क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर मटके की बिक्री हो रही है। इसके अलावा शहर की गलियों में भी कुम्हारपारा की महिलाएं घूम-घूमकर मटके का विक्रय कर रही हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे मटको की मांग भी बढ़ रही है।



### बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**गोपालपुर ।** बिलाईगढ़ क्षेत्र अंतर्गत गांव बालपुर मे गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में पानी का संकट गहराता जा रहा है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को पीने के पानी के लिए भी कई किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है। गाँव के हैंडपंप सूख चुके हैं, जबकि नल-जल योजना भी पूरी तरह से ठप पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। महिलाएं और बच्चे रोजाना घंटों लाइन में लगकर पानी भरने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं,कि "हम सुबह 4 बजे उठकर पानी के लिए निकलते हैं, तब जाकर कहीं थोड़ा पानी मिल पाता है। प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं होता।" इस भीषण जल संकट के कारण लोगों की दैनिक जिंदगी प्रभावित हो रही है। मवेशियों के लिए भी पानी की भारी कमी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें इस परेशानी से राहत मिल सके।



### पशु- पक्षियों के लिए घर के बाहर रखे पानी

**बगबुड़ा ।** बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनबोधन टंडन ने लोगों से अपील किया कि इस भीषण गर्मी में आम आदमी के साथ साथ बेजुबान जानवर, वन्यजीव पशु पक्षी बेहाल हैं। प्रकृति के रक्षक पेड़ पौधों, पशु पक्षियों एवं जीव जंतुओं की देखभाल एवं सुरक्षा अति आवश्यक है। जिस तरह मनुष्य प्रकृति का दोहन अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कर रहा है बहुत कम समय में इसका दुष्परिणाम देखने और भुगतना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बेजुबान जानवरों के लिए अपने घर के बाहर पीने के पानी की व्यवस्था करें। साथ ही पक्षियों के लिए छोटे मटके में पानी आदि की व्यवस्था कर प्रकृति रक्षकों की रक्षा कर सकते हैं। प्रकृति को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं । साथ ही तालाब किनारे लगे एक साल, दो साल के छोटे पौधों में एक लोटा जल प्रकृति के नाम करने का प्रयत्न करे। ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ बचा सकें।



## ऑनलाइन आरटीओ ई-चालान के नाम पर हजारों खाते से उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

- ग्राम मुंडा निवासी के खाते से 35 हजार उड़ाए

साइबर ठगों ने आरटीओ ई-चालान को भी ठगी करने का नया जरिया बना लिया है। इसके तहत अब लोगों को उनके मोबाइल पर फर्जी आरटीओ ई-चालान का मैसेज भेजा जा रहा है। जिसे क्लिक करते ही मोबाइल हैग हो जाता हैं। इसके बाद कुछ मिनट में ही व्यक्ति की बैंक खातों में जमा राशि गायब हो जाती है। इस तरह का एक ताजा मामला ग्रामीण क्षेत्र मुंडा में आया है ठगों ने फर्जी आरटीओ ई चालान के नाम पर ठगेस वर्मा के खातों से 35000 हजार रुपए उड़ा लिए। जिसकी शिकायत बलौदा बाजार थाना व लवन थाना में दर्ज कराई गई है। साइबर सेल ने बताया इसकी तत्काल पता लगाएंगे।

प्रार्थी ठगेस वर्मा पिता बंसराम वर्मा ने बताया मोबाइल पर आरटीओ ई-चालान की ऐपिक फाइल आई थी। इस ऐपिक फाइल में को जैसे ही उसने डाउनलोड किया, उसके मोबाइल का एक्सेस साइबर ठगों तक पहुंच गया। इसके बाद ठगों ने कुछ मिनट के भीतर ही ठगेस वर्मा के बैंक खाते में जमा 35 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए।

### मोबाइल में लोड नंबरों से भी निकाल रहे पैसे

बताया जा रहा है कि ठगेस के मोबाइल में जितने नंबर लोड थे, उन लोगों के भी मोबाइल में इसी प्रकार ऐपिक फाइल आरटीओ भेजी जा रही है। उसके खोलते ही उनके खातों से भी राशि निकाल ली जा रही है।

## प्रशासन की सक्रियता से रोके गए 3 बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- दो दिन में 75 मामलों में परिवार के घर जाकर जांची आयु

अक्षय तृतीया के दूसरे दिवस पर बाल विवाह की रोकथाम करने एवं समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक बाल विवाह के दूरगामी दुष्प्रभावों की जानकारी का प्रसार करने के लिए बलौदाबाजार भाटापारा एवं पलारी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान 3 स्थानों पर बाल विवाह होने से रोका गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के द्वारा 19 एवं 20 अप्रैल को दो दिवसीय महाअभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा कुल 75 मामलों में परिवार के घर जाकर हो रहे विवाह में वर-वधु की आयु का परीक्षण किया गया। भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत एक ही परिवार हो रहे दो विवाह में बालिका की आयु 17 वर्ष 6 माह एवं बालक की आयु 19 वर्ष 7 माह की पायी गयी।



जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर बालिका एवं बालिका के परिजनो का बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान कर विवाह हेतु निर्धारित आयु पर ही विवाह करने की समझाइश दी गई। भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र में 17 वर्षीय 10 माह की बालिका का विवाह होने की जानकारी प्रदान की गई। उक्त प्रकरण मे वार्ड पार्षद की उपस्थिति में दोनों पक्षों को बाल विवाह से बालिकाओं पर पड़ने वाले शारीरिक, मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान की गई। परिजनों द्वारा अज्ञानतावश अपनी पुत्री का विवाह तय किए जाने की बात स्वीकार करते हुए टीम का आभार व्यक्त किया। बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने हेतु सामाजिक सहयोग करने एवं बच्चो के सहायतार्थ आपात्कालीन हेल्पलाईन नंबर 1098 में सूचना देने का अनुरोध किया गया।

## सतनामी समाज की वार्षिक आमसभा कल

**गिधौरी ।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ईकाई कसडोल का वार्षिक आम सभा 25 अप्रैल को मडवा धर्मशाला गिरौदपुरी में आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीयों की उपस्थिति अनिवार्य रुप से किया गया है और ब्लाक कसडोल प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज वार्षिक आमसभा तथि जिला महिला बलौदाबाजार के मनोनीतपदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण एवंब्लाक के युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। इस आम सभा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के समस्त पदाधिकारीयो को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया गया है।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

Resume करें - 9977374898


## इंद्र कुमार की बारात 13 बैलगाड़ियों पर निकली

# बैलगाड़ियों पर निकाली बारात, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



आधुनिकता की चकाचौंध के बीच बुधवार को शहरवासियों ने एक ऐसा अद्भुत नजारा देखा, जिसने उन्हें सीधे अतीत की ओर लौटा दिया। यह कोई साधारण बारात नहीं थी, बल्कि भारतीय परंपरा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम थी। जहां आजकल शादियों में लग्जरी कारों की कतार और डीजे की तेज धुन आम हो गई है, वहीं इस बारात ने ग्रामीण जीवन की सादगी और सौंदर्य को जीवंत कर दिया। जिला मुख्यालय निवासी तामेश्वर वर्मा के पुत्र इंद्र कुमार की बारात ग्राम रिसदा स्थित नोखराम वर्मा के यहां निकली। इस अवसर पर परिवार ने आधुनिक साधनों की बजाय पारंपरिक तरीके को अपनाते हुए 13 सजी-धजी बैलगाड़ियों के साथ बारात निकालने का निर्णय लिया। बैलगाड़ियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं बाराती पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। जैसे ही बारात शहर की सड़कों पर निकली, लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई इस अनोखे दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने को उत्सुक दिखा। खासकर युवा पीढ़ी के लिए यह अनुभव बेहद खास रहा। बैलों की सधी चाल, बैलगाड़ियों की मद्धिम चरमराहट और पृष्ठभूमि में गूंजते लोकगीतों व शहनाई की मधुर धुन ने पूरे माहौल को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। इस अनोखी बारात की चर्चा जल्द ही पूरे शहर में फैल गई और देखते ही देखते यह सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई। लोगों ने इसे 'देसी थीम' की शादी बताते हुए इसकी जमकर सराहना की। कई शहरवासियों ने कहा कि मानों 80 के दशक का दौर एक बार फिर लौट आया हो।

### पुराने दिन लौट आए

गाड़ीवान रामलाल ने बताया कि वर्षों बाद उन्होंने इस तरह की पारंपरिक बारात देखी है। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है जैसे पुराने दिन फिर से लौट आए हों। वहीं अन्य लोगों ने भी कहा कि इस बारात ने उनके बचपन की यादें ताजा कर दीं। यह आयोजन केवल एक विवाह समारोह नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त संदेश दे गया। बिना ध्वनि प्रदूषण और ईंधन खपत के संपन्न यह बारात पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण बनी। साथ ही इसने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने की प्रेरणा भी दी। तामेश्वर वर्मा और उनके परिवार का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक साबित हो रहा है। इस प्रकार के आयोजन आधुनिकता के बीच अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देते हैं और यह दर्शाते हैं कि परंपरा और प्रगति साथ-साथ चल सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने साढ़े तीन करोड़ छत्तीसगढ़िया जनमानस की भावनाओं के अनुरूप भारत सरकार जनगणना विभाग द्वारा जारी स्व जनगणना पोर्टल में मातृभाषा के कालम में छत्तीसगढ़ी भाषा का विकल्प शामिल करने कलेक्टर को ज्ञापन दिया । ज्ञात हो कि 28 नवंबर 2007 को 'छत्तीसगढ़ी भाषा को छत्तीसगढ़ शासन राजभाषा आयोग द्वारा राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों ने बतया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में भाषाई सर्वेक्षण करवाया गया है उसके अनुसार छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा 65% से अधिक जनसंख्या द्वारा उपयोग किया जाता है जबकि इसी सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ राज्य के अंदर हिंदी भाषा बोलने बालों का प्रतिशत मात्र 2% है फिर भी जनगणना कार्य में छत्तीसगढ़ कि अधिकारिक छत्तीसगढ़ी भाषा की उपेक्षा की जा रही है।

### मैगनीज में मिलावट आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने परिवहन के दौरान फेरो मैगनीज में मिलावट करने के आरोप में एक व्यक्ति को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी की पुलिस तलाश करने की बात कह रही है। उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद स्थित फ्लक्समिन मेटल प्रा. लिमिटेड के मार्केटिंग मैनेजर कुणाल जिंदल की शिकायत पर पुलिस ने अलवर निवासी शौकीन खान को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शौकीन ने माल परिवहन करने के दौरान हरियाणा के एक कबाड़ी को मैगनीज बेच कर पार्टी को फेरो मैगनीज में मिट्टी, रेत देकर 48 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाया।

### अपने निर्धारित समय पर आएंगी ट्रेनें

**रायपुर।** बिलासपुर मंडल अंतर्गत जांजगीर नैला स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए दिए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में कैंसिल एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई कई यात्री ट्रेनों को रीस्टोर किया गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रायपुर से संचालित होने वाली रायपुर-गेवरारोड-रायपुर, रायपुर-कोरबा-रायपुर पैसेंजर ट्रेन 22 से 26 अप्रैल के बीच अपने निर्धारित समय पर संचालित होगी। इन ट्रेनों को पूर्व में इस अवधि के दौरान निरस्त कर दिया गया था। इसके अलावा बिलासपुर से छूटने वाली की अन्य ट्रेन भी उस अवधि में वापस ट्रेक पर आ चुकी है।

### पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का कार्य न करें

**रायपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में परिचर्चा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान मुख्य वन सरंक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि मेडिटेशन से स्वच्छ आचरण, स्वच्छ व्यवहार और स्वच्छ पर्यावरण में मदद मिलती है। हमारी पृथ्वी जीवित लोगों के लिए जीवन्त ग्रह है। हमारे लिए यह एक ही धरती है। जीवित रहने के लिए और कोई दूसरा ग्रह नहीं है। इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। जागरूक होकर संसाधनों का सदुपयोग करना होगा। हमें पृथ्वी को बचाना है तो जंगल को बचाना होगा। प्रधान मुख्य वन सरंक्षक एवं मुख्य वन्यप्राणी सरंक्षक अरूण कुमार पाण्डे ने कहा कि पर्यावरण को जो नुकसान हो चुका है उसे तो हम नहीं बदल सकते हैं लेकिन अब हमें अपनी जिम्मेदारी उठानी होगी। कभी भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का कार्य न करें।

# भाटापारा का मॉडल ग्राम गुडेलिया, शिक्षा से लेकर महिला सशक्तीकरण तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

लोकतांत्रिक प्रणाली मे जागरूक जुझारूपन समर्पण भाव जनकल्याण कि भावना व दृढ इच्छाशक्ति सामंजस्य भाव किसी भी समाज व गाँव शहर के विकास को बुलंदियों कि और आगे ले जाने और सबसे अहम बिन्दु होता है जिसका जीता जागता उदाहरण आदर्श निर्मल ग्राम गुडेलिया को कहा जा सकता है जो अन्य ग्राम पंचायतो के लिये हमेशा एक प्रेरणा के रुप मे स्वच्छ निर्मल आदर्श पंचायत के रुप मे आधार स्तंभ का लाईट हाऊस बनाकर जगमगा रहा है सरपंच संकेत अग्रवाल के प्रबल नेतृत्व को जाता है ग्राम में शिक्षा के ज्ञान के विस्तार को लेकर पर्याप्त सुविधाएं देखी जा सकती है जो एक प्राइवेट स्कूल से भी बेहतर है।

अनेक विशेषताओं के कारण जिले के अन्य सरकारी स्कूलों के लिये मॉडल व आदर्श बन चुका है ग्राम पंचायत गुडेलिया के सरकारी स्कूल जहाँ पर स्कूल का सुसज्जित भवन उच्च क्वालिटी बैंच, खेल कूद की वयवस्था, स्मार्टक्लासेस, कम्प्यूटर शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र, साइंस लैब, बच्चों के आईडी कार्ड, पूर्ण ड्रेस की वयवस्था सुसज्जित वाल पेटिंग पर्याप्त शिक्षक सुविधा स्कूलों मे आयोजित सांस्कृतिक आयोजन व प्रत्येक माह पालकों व स्कूल प्रबंधन के बीच आपसी सामंजस्य व जनपद पंचायत व जिले मे विशेष पहचान दिलाता है। ग्राम पंचायत गुडेलिया कि महिलाएं पेवर ब्लॉक, फ्लाई ऐश ईटे, जाली तार व अन्य छोटे उद्योगों के माध्यम से 50 लाख रुपये से अधिक कमाई करके आत्मनिर्भर बन रही है करीब 250 से अधिक महिलाये घरेलू उत्पाद व उद्योग के कार्य कर रोजगार प्राप्त कर रहे है जिसके चलते पलायन में अभूतपूर्व कमी आई। ग्राम पंचायत गुडेलिया को नशा मुक्त ग्राम घोषित है यहां पर नशा का सेवन करना पूरी तरहा प्रतिबंधित रखा गया है नशा करते पाए जाने पे 51000 दंड का प्रावधान रखा गया है ग्राम के सभी दुकानो में प्लास्टिक बैन है सभी निजी और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए पंचायत द्वारा सभी समाज को प्लेट गिलास और कटोरी दिया गया है जिसे सभी ग्राम वासी किसी भी अपने कार्यक्रम में उपयोग करते है ।

### शहरों को टक्कर दे रहा यह स्मार्ट ग्राम




#### ग्राम के सभी निर्णय ग्राम सभा में ही लिए जाते हैं

सरपंच संकेत अग्रवाल ने बताया की ग्राम में किसी भी प्रकार का फैसला लेना है तो ग्राम सभा की मीटिंग बुला के सब के सहमति से ही लिया जाता है जिससे गांव का वातावरण अच्छा बना रहता है और विकास कार्यो में सुविधा मिलती है। सभी कार्य सबके सहयोग से किए जाते है जिसके कारण हमारा गांव आदर्श निर्मल शसक्त स्मार्ट और विकसित है।

#### आकर्षक आंगनबाड़ी केंद्र

ग्राम गुडेलिया का आंगनबाड़ी केन्द्र में स्कूल जैसे यूनिफार्म कोड आकर्षक ज्ञान वर्धक वाल पैटिंग बच्चों के लिये मनमोहक खेल सामाग्रियां आदि सुविधाओं से बच्चों कि बचपन से ही पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत गुडेलिया का पंचायत भवन को जाकर देखने पर जिला के किसी भी बडे आफिस के बराबर देखा जा सकता है जहाँ पर सभी पंचो के नेम प्लेट सहित बैंच का बैठक व्यवस्था अलग से कम्प्यूटर रुम व गांव के उपलब्धियों से सजा वाल फोटो फ्रेम एवं साफ सुधरा शौचालय सभी शासकीय योजना की जानकारीयो से परिपूर्ण बडा सा आगन व हाल पंचायत भवन कि गरिमा को बढाता है पूरे गांव की निगरानी के लिए 100 से जायदा कैमरे से लगे है जिसकी निगरानी भवन से ही हो जाती है। ग्राम पंचायत गुडेलिया कि महिलाएं पेवर ब्लॉक, फ्लाई ऐश ईटे, जाली तार व अन्य छोटे उद्योगों के माध्यम से 50 लाख रुपये से अधिक कमाई करके आत्मनिर्भर बन रही है करीब 250 से अधिक महिलाये घरेलू उत्पाद व उद्योग के कार्य कर रोजगार प्राप्त कर रहे है।

### समस्या : टैंकर ही इकलौता सहारा

# मूरा गांव में भीषण जलसंकट, तीन हजार की आबादी पानी को तरसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली




गर्मी की दस्तक के साथ ही समीपस्थ ग्राम मूरा में जल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। गांव में पीने के पानी के लिए 'हाय-तौबा' मची हुई है। आलम यह है कि 3 हजार से अधिक की आबादी वाला यह गांव बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहा है। उल्लेखनीय है कि जलस्तर का नीचे जाना यहां की हर साल की समस्या है, लेकिन इस बार हालात और भी बदतर हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल प्रदाय के लिए 5 पानी की टंकियां और बोरवेल्स लगाए गए थे, लेकिन भीषण गर्मी के चलते सभी टंकियां पूरी तरह सूख चुकी हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि ग्रामीणों के निजी घरेलू और कृषि कार्य के लिए उपयोग होने वाले नलकूप भी जवाब दे गए हैं। गांव में लगे हैंडपंप या तो बंद पड़े हैं या उनसे पानी नहीं निकल रहा। सरकारी दावों की पोल खोलती 'नल-जल योजना' पानी के अभाव में पूरी तरह दम तोड़ चुकी है।

**पत्थर खदान से टैंकरों के जरिए हो रही आपूर्तिः** आबादी की प्यास बुझाने के लिए ग्राम पंचायत मूरा ने मोर्चा संभाला है। पंचायत द्वारा 3 नग पानी टैंकर लगाए गए हैं, जो पत्थर खदान से पानी भरकर ला रहे हैं और बस्ती में आपूर्ति की जा रही है। पंचायत का यह प्रयास फिलहाल ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा बना हुआ है, लेकिन 3 हजार की आबादी के लिए यह पर्याप्त नहीं है।

**पड़ोसी गांवों में पर्याप्त पानी, मूरा में किल्लत क्यों?:** सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि बंगोली अंचल के अन्य गांवों जैसे बंगोली, कुर्रा और धनसुली में पीने के साफ पानी की पर्याप्त उपलब्धता है, जबकि मूरा गांव जल संकट से जूझ रहा है। यह बड़ा सवाल है कि अन्य गांव पानी की समस्या से सुरक्षित हैं, तो मूरा गांव की सुध क्यों नहीं ली जा रही? ग्रामीणों का कहना है कि यह हर साल की समस्या है, इसके बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा रहा है। शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर स्थाई उपाय करने की आवश्यकता है, ताकि हर साल ग्रामीणों को पानी के लिए इस तरह दर-दर न भटकना

# कूलर में पानी भरते समय कर्मचारी की करंट से मौत, अस्पताल संचालक को बताओ नोटिस




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर में संचालित समृद्धि अस्पताल जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप ही स्थित है, जहां गत दिवस कार्यरत संजु बारले उम्र 27 वर्ष जिसकी कूलर में पानी भरने के दौरान बिजली का करंट लगने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। अस्पताल के संचालक द्वारा कर्मचारी के मौत के कारणों को दबाया जा रहा था जिस पर परिजनों द्वारा हंगामा किया गया तब कहीं जाकर मृत्यु के असली कारण का पता चला। संचालक द्वारा बिना लाइसेंस के बेधड़क अस्पताल संचालन किया जा रहा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम अतुल शेटे ने समृद्धि अस्पताल के संचालक के आर सोनवानी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि आपके अस्पताल के कर्मचारी की मृत्यु होने से ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा अस्पताल संचालन में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही आपके द्वारा अस्पताल का बिना पंजीयन कराए अस्पताल संचालन किया जा रहा है जो मानवीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के विपरीत है। उक्त संबंध में अपना जवाब एवं घटना के पूर्व का अस्पताल संचालन का पंजीयन प्रमाण पत्र दो दिवस के भीतर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत करने कही गई है तथा जवाब प्रस्तुत नहीं करने एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने आपके के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाएगा। यहां यह बताना जरूरी है कि अस्पताल का संचालक डॉ. केआर सोनवानी पूर्व में सिमगा बीएमओ तथा रायपुर सीएमएचओ रह चुके हैं।

# ज्ञानभारतम् सर्वे 31 मई तक हर हाल में पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्य सचिव विकासशील ने कहा, शासकीय संस्थानों, मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों, महाविद्यालयों एवं निजी संस्थानों में संरक्षित पांडुलिपियों के सर्वेक्षण के लिए सक्रिय प्रयास करें। उन्होंने कहा, परंपरागत समुदायों और पुरातात्विक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पांडुलिपियां और ज्ञान-संपदा मिल सकती है, इसलिए इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जनभागीदारी बढ़ाने के लिए "पांडुलिपि ट्रेजर हंट" जैसे नवाचारों के आयोजन का सुझाव दिया गया, जिससे आम नागरिक भी इस अभियान से जुड़ सकें।

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय 'ज्ञानभारतम्' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वेक्षण अभियान समिति के सदस्य तथा सभी जिलों के कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस दौरान अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य 31 मई तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा, यह सर्वे केवल प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण का महत्वपूर्ण अभियान है। जिलों में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण और संरक्षण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए है।

# लघु वनोपज प्रबंधकों की हड़ताल से तेंदूपत्ता संग्रहण ठप, 14 लाख परिवारों की आजीविका प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के आह्वान पर प्रदेश के 902 लघु वनोपज प्रबंधक 22 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर चुके हैं। इसका असर प्रदेश के 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार एवं 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका पर पड़ सकता है। वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने से प्रबंधकों में भारी आक्रोश है और अब उन्होंने निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाया है। प्रदेश अध्यक्ष सन्नी साहू ने बताया कि प्रबंधक पिछले 38 वर्षों से सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण, समिति संचालन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान, पेंशन, मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जो सीधा अन्याय है। संघ की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन मैट्रिक्स लेवल 07, 08 एवं 09 लागू करना, सेवा सुरक्षा, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं लंबित भुगतान का निराकरण शामिल है। प्रबंधकों का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। संघ के अनुसार हड़ताल के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी, बोनस, बीमा एवं अन्य योजनाएं प्रभावित होंगी, जिससे प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर असर पड़ सकता है।

खरीदी शुरू, ज्यादा नुकसान की आशंका दंतेवाड़ा जिले में भी प्रबंधकों द्वारा 23 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेते हुए संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंप दिया गया है। जिले में 18 अप्रैल से तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में हड़ताल का सीधा असर यहां के लगभग 80 हजार ग्रामीण परिवारों पर पड़ना तय माना जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान एवं प्रबंधन कार्य प्रभावित होने से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों पर व्यापक असर पड़ सकता है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### 33 प्रतिशत बीजेपी सांसदों, प्रधानमंत्री को पत्र लिखे : उपाध्याय

# महिला आरक्षण को लेकर बीजेपी सांसदों को उपाध्याय ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




पूर्व संसदीय सचिव एवं विकास उपाध्याय के नेतृत्व में बुधवार को महिला आरक्षण बिल को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक कलेक्टोरेट परिसर के सामने महिला विरोधी भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा, महिला आरक्षण बिल का नाम देकर देश में गलत तरीके से परिसीमन को दूसरे दरवाजे से लागू कराने के लिये इसे सदन में लाने का काम किया गया था, जिसे कांग्रेस पार्टी सहित सभी विपक्षी दलों ने एकजुट होकर धराशायी कर दिया।

छत्तीसगढ़ के पूर्व एवं वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के सांसदों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि वर्ष 2023, 20 सितम्बर को जब लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित हुआ था, उस समय आप सांसद थे और सदन का हिस्सा थे। आपकी पार्टी द्वारा झूठ फैलाया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी सहित विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया है, जबकि 20 सितम्बर को लोकसभा में जब महिला आरक्षण बिल को लाया गया था, तब सर्वसम्मति से पक्ष और विपक्ष ने एकसाथ मिलकर इसे समर्थन देते हुए इस विधेयक को पारित किया था।

छत्तीसगढ़ की जनता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सहित भारतीय जनता पार्टी के अपने समस्त नेताओं को रामचरित मानस और संविधान की कसम खाते हुये इस विषय से अवगत कराएं और पत्र और विडियो के माध्यम से जनता को सच्चाई बताने का कष्ट करें कि महिला आरक्षण बिल को 2023 में सभी दलों की सर्वसम्मति से पारित किया जा चुका है। इसके लिए सभी भाजपा सांसदों को वर्तमान की 543 सीट पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पारित करने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखने की मांग की है।

# साय ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर कहा- प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक टिप्पणी लोकतंत्र पर आघात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रयुक्त अपमानजनक शब्दों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी न केवल स्तरहीन, अपमानजनक, अमर्यादित और अशिष्ट है, बल्कि यह देश के उन करोड़ों नागरिकों का भी सीधा अपमान है, जो प्रधानमंत्री को अपना आदर्श मानते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग निंदनीय है और यह स्वस्थ राजनीतिक संवाद की मर्यादाओं को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की गरिमा पर गहरा आघात बताते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं और इनकी जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। कांग्रेस पार्टी की यह बौखलाहट उसके राजनीतिक पतन का स्पष्ट संकेत है।



■ कांग्रेस पार्टी की यह बौखलाहट उसके राजनीतिक पतन का स्पष्ट संकेत- मुख्यमंत्री

#### बिना शर्त देश की जनता से मांगें माफी

उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा देश की जनता से बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, जहां मुद्दों की जगह व्यक्तिगत आक्षेप और अमर्यादित भाषा ने ले ली है। लोकतंत्र में ऐसी मानसिकता न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि जनभावनाओं का अपमान भी है, कांग्रेस को तुरंत आत्ममंथन करते हुए बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

# खबर संक्षेप



## सेन समाज कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन सचिव बने योगेन्द्र

**सेल।** सेन नाई समाज कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ में योगेन्द्र कुमार श्रीवास कसडोल को प्रदेश संगठन सचिव बनाया गया है। समाज के पंजीकृत क्रमांक 82 के तहत संचालित कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में श्री श्रीवास की कार्यक्षमता और समाज के प्रति उनके समर्पण पर भरोसा जताया गया है। यह नियुक्ति समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से की गई है।लोकनाथ सेन प्रदेश अध्यक्ष, ओमप्रकाश सेन प्रदेश सचिव, तुलेश्वर सेन प्रदेश कोषाध्यक्ष ने कहा कि योगेन्द्र की नियुक्ति से समाज के विकास को गति मिलेगी। नवनियुक्त प्रदेश संगठन सचिव योगेन्द्र ने कहा कि समाज ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मेरा लक्ष्य कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ को और अधिक संगठित करना तथा समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## परिवहन और सामान ढोने में पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित

बलौदाबाजार। वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओं पर सामाग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग पर दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध पशुधन विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड रायपुर के आदेशानुसार लगाया गया है। पत्र में कहा गया है कि पशुओं को तांगे, बैलगाड़ी, भैंसा गाड़ी, ऊंट गाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है या मृत्यु हो सकती है। पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण ''परिवहन तथा कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965'' के नियम 6 (3) के अनुसार बलौदाबाजार जिले में दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच उक्त उपयोग 30 जून तक प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही कृषक कार्य करने के पूर्व एवं पश्चात पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा पानी प्रदान करने कहा गया है।

## रायपुर दक्षिण के 2 वार्डों में सवा करोड़ के कार्यों की शुरूआत

**रायपुर।** राजधानी के दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के 2 वार्डों में सवा करोड़ रुपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे और सभापति सूयंकांत राठौर ने बुधवार को संयुक्त रूप से किया। इसमें जोन 4 के स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड में 35 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, नाली और पुलिया निर्माण का कार्य कराया जाएगा। वहीं जोन 6 के अंतर्गत शहीद राजीव पांडे वार्ड के संजय नगर टिकरापारा में करीबन 90 लाख रुपए की लागत से अधोसंरचना मद में विकास कार्यो की शुरुआत की गई।
रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने दक्षिण क्षेत्र में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

# जिले में 27 को होगा सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर में गुजरात राज्य के प्राचीन सोमनाथ मंदिर के पवित्र शिवलिंग अंश के आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह पावन शिवलिंग अंश 27 अप्रैल को बलौदाबाजार पहुंचेगा।

श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु इसे सुबह 8 से 10 बजे तक दशहरा मैदान स्थित स्थल पर रखा जाएगा। आयोजकों के मुताबिक, इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक आयोजन को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराए जा सकें। 27 अप्रैल को बलौदाबाजार में इसके आगमन को क्षेत्र के लिए सौभाग्यपूर्ण अवसर माना जा रहा है। श्रद्धालुओं में इसको लेकर खासा उत्साह है और आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

इस अवसर पर मोतीलाल वर्मा, अनामिका अक्षर अग्रवाल, लता साहू, मनीष बरनवाल, अंकित तिवारी, सुरेंद्र वर्मा, प्यारे लाल सेन सहित आर्ट ऑफ लिविंग के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जयनारायण केसरवानी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने की व्यापक तैयारियां




### शिवलिंग की पवित्र विरासत

जिला समन्वयक किरण वर्मा ने बताया कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। बताया जाता है कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व इस मंदिर पर कई बार आक्रमण हुए, किंतु श्रद्धा और आस्था के कारण शिवलिंग के अंशों को सुरक्षित रखा गया और निरंतर पूजा-अर्चना जारी रही। आगे चलकर यह पवित्र धरोहर दक्षिण भारत पहुंची, जहां कांची के शंकराचार्य द्वारा इसे संरक्षित किया गया। वर्ष 1924 में कांची के शंकराचार्य ने संकेत दिया था कि लगभग 100 वर्षों बाद यह पवित्र अंश किसी ऐसे संत को सौंपा जाएगा, जिनके नाम में 'शंकर' होगा। इसी क्रम में यह शिवलिंग अंश गुरुदेव श्री श्री रविशंकर को प्राप्त हुआ, जिन्होंने लोक कल्याण की भावना से इसे विभिन्न स्थानों पर दर्शन हेतु भेजने की पहल की।

### 15वें वित्त आयोग के तहत खरीदे गए ई-रिक्शा

# नपा अध्यक्ष ने 10 ई-रिक्शा का किया लोकार्पण अब तंग गलियों तक पहुंचेगी कचरा संग्रहण सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

"नगर स्वच्छ तो नागरिक स्वस्थ" के मूल मंत्र को साकार करने की दिशा में नगर पालिका द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत बैटरी चालित ई-रिक्शा का क्रय किया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा 10 नग ई-रिक्शा का विधिवत लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र महले एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर श्रीफल फोड़कर ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि नगर की स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ वातावरण से ही नागरिक विभिन्न प्रकार के प्रदूषण और बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि बैटरी चालित ये ई-रिक्शा प्रदूषण रहित होने के साथ-साथ नगर की तंग गलियों में भी आसानी से पहुंच सकेंगे, जिससे कचरा संग्रहण कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

■ नगर की स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक: जैन





### स्वच्छता व्यवस्था को मिलेगी मजबूती: सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने भी इन ई-रिक्शा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तेजी से बढ़ते नगर और नई कॉलोनियों में घर-घर से कचरे का पृथक संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए यह पहल अत्यंत जरूरी है। इससे स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पालिका के सभापति कन्हैया सेन, मनोज कांत पुरैना, रोहित साहू, अमितेष नेताम, सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, गोविंद पात्रे, शालीन शर्मा, उप अभियंता रितेश संस्थापक, रोहित भारती, राजस्व प्रभारी प्रसून शर्मा, अमित वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक ने परिजनों की स्मृति में शुरू की शीतल जल की प्याऊ



**अर्जुनी।** यहां से महज 04 किलोमीटर दूर एवं भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार में यादव समाज के बलौदाबाजार जिला उपाध्यक्ष एवं शिक्षक नारंतक यादव ने मानव सेवा का अनूठा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता बहल राम यादव, स्वर्गीय माता डेरहीन यादव एवं स्वर्गीय छोटे पुत्र ओमेश कांत, दीपक यादव की स्मृति में अपने घर के बाहर शीतल पेयजल की प्याऊ स्थापित की है। यादव समाज के बलौदाबाजार जिला उपाध्यक्ष एवं शिक्षक नारंतक यादव ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने की उद्देश्य से यह पहल की गई है ताकि लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके और उनके माता-पिता एवं पुत्र की स्मृति समाज सेवा के माध्यम से जीवित रह सके। उन्होंने कहा कि उनके माता पिता एवं पुत्र हमेशा सेवा और सहयोग की भावना रखता था। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए यह कार्य किया गया है। शिक्षक द्वारा खोले गए इस प्याऊ घर से राहगीरों को राहत मिल रही है और गांव में इस पहल की सराहना हो रही है। शिक्षक द्वारा घर के बाहर रोड किनारे शीतल पेयजल स्थापित की गई जिसमें कोमलकांत यादव, सोनी, कान्हा काव्या, शंकरदास, अनीता देवी यादव सहयोग कर रहे हैं।

# महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाएं: डा. कन्नौजे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को ग्राम पंचायत गिरसा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के लिए लगाए गए ई-केवाईसी कैंप का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद महिलाओं और संबंधित कर्मचारियों से ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली। सभी पात्र हितग्राहियों का जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभों की जानकारी देते हुए समय पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने आगामी जनगणना 2027 के संबंध में भी जागरूक किया। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में मकान जनगणना का कार्य ऑनलाइन एवं डिजिटल माध्यम से प्रारंभ हो चुका है। इसका पहला चरण संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने और योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

■ 0 गिरसा के आंगनबाड़ी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# वन्यजीव संरक्षण, जल उपलब्धता और घास भूमि प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एवं क्षेत्र निदेशक, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर गुरुनाथन एन ने बारनवापारा अभ्यारण्य का गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान अभ्यारण्य के विभिन्न प्रबंधन पहलुओं की समीक्षा करते हुए वन्यजीव संरक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

निरीक्षण के दौरान वाइल्ड बफेलो कंजर्वेशन सेंटर का भ्रमण किया गया, जहां जल उपलब्धता को सुदृढ़ करने, क्षेत्र के वैज्ञानिक विस्तार एवं एलीफेंट ट्रेंच प्रूफ निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही रामपुर चारागाह क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां ब्लैकबक संरक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। घास भूमि के विकास एवं बेहतर प्रबंधन के लिए विस्तृत योजना तैयार करने, ग्रासलैंड्स के तुलनात्मक वर्गीकरण पर रिपोर्ट तैयार करने, बांस के बीज संग्रहण एवं सीड बॉल गतिविधियों को बढ़ावा देने, हाथी संबंधी रिपोर्ट तैयार करने तथा फ्लाइंग स्क्वॉड को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार द्वारा अभ्यारण्य के प्रबंधन, जैव विविधता एवं संरक्षण गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही अभ्यारण्य क्षेत्र के विस्तार से संबंधित संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके उपरांत ब्लैकबक कंजर्वेशन सेंटर का भी भ्रमण किया गया।

### विस्थापन एवं समस्याओं पर भी चर्चा

दौरे के दौरान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव ने अकलतरा ग्राम के निवासियों के साथ बैठक आयोजित कर विस्थापन से संबंधित मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें ग्रामीणों के सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण एवं वैकल्पिक आजीविका सृजन के उपायों पर विचार किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर, अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन साहू, परिक्षेत्र अधिकारी बार रूपेश्वरी दीवान, परिक्षेत्र सहायक गीतेश बंजारे सहित संबंधित अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित रहे।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा (एमबीएसआई26) 26 अप्रैल को होगी। परीक्षा के लिए जिले के 104 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 34168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश 9:30 बजे तक ही दिया जाएगा।

# हाई मास्ट लाइट लगने से ग्रामीणों में हर्ष

पलारी। विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंन्द्रा में विधायक निधि से तीन स्थानों में हाई मास्ट लाईट योजना के अंतर्गत लाईट लगाया गया। जिसमें गांव के सबसे व्यस्ततम चौंक बजरंग चौक महामाया चौक और बांड़ा पारा चौक शामिल हैं। सरपंच अभीराम साहू ने बताया कि कसडोल विधायक संदीप साहू ने विधायक निधि से हमारे गांव के लिए तीन स्थानों के लिए हाई मास्ट लाईट योजना के अंतर्गत बेहतर रोशनी की व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाईट स्वीकृत किए भविष्य में तीन स्थानों पर और लगाई जाएगी। ऊंचे खम्भों पर लगी हाई मास्ट लाईट एक बड़े क्षेत्र को कवर करती है और तेज रोशनी प्रदान करती है अंधेरे सुनसान इलाकों चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर हाई मास्ट लाईट लगने से रात के समय दुर्घटना और आपराधिक गतिविधियों में कमी आती है जिससे क्षेत्र सुरक्षित रहता है। सरपंच अभीराम साहू, डॉ कोमल वैष्णव, वरूण वर्मा, नुमान वर्मा, देवचरण साहू, बालमुकुंद यादव, कुमार साहू, सालिक राम साहू, पिताम्बर साहू, विजय साहू, महेतरू वर्मा, सोहन साहू, राधे वर्मा, तरूण साहू, संपत साहू, टिकेश्वर यादव सहित ग्रामीणों ने विधायक निधि से अपने गांव में हाई मास्ट लाईट लगने का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।



# सिंचाई की बेहतर व्यवस्था के साथ नर्सरी में पौधों को किया जाए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सिंघारी में उद्यान विभाग के हाई टेक नर्सरी का निरीक्षण किया। यहां लगभग 6 एकड़ क्षेत्र में उद्यान विभाग द्वारा हाई टेक नर्सरी विकसित किया गया है जिसमें अरु अरुणिका, अम्बिका एवं दशहरी किस्म के करीब 105 आम के पेड़ फलों से लदे हैं। इसके साथ ही कटहल, अमरुद,आंवला, आम के लगभग 20 हजार पौधे तैयार हैं। कलेक्टर ने पेड़ पर लगे आम का अवलोकन किया और इसके सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने उच्च गुणवत्ता के अल्फांसों एवं चौसा आम क़ी खेती को बढ़ावा देने कहा। उन्होंने सिंचाई क़ी बेहतर व्यवस्था हेतु यहां एक बड़ी डबरी निर्माण के भी निर्देश दिये। उन्होंने नर्सरी के पास लगभग 2 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही नर्सरी क़ी जमीन का आवंटन उद्यान विभाग को करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने कहा। बताया गया कि इस हाई टेक नर्सरी में आम फल क़ी नीलामी पहली बार किया गया है। सभी 105 पेड़ों क़ी नीलामी एक वर्ष के लिये लगभग 80 हजार में किया गया है। नर्सरी में तारोई और धनिया क़ी खेती क़ी जा रही है। सिंचाई के लिए पानी महानदी से पम्प के जरिये उपयोग किया जा रहा है।

# प्रधानपाठक प्रमोशन व परीक्षा अनुमति को लेकर शिक्षक करेंगे जिला शिक्षा अधिकारी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष मुरीत श्रीवास ने बताया है कि प्रधान पाठक प्रमोशन एवं परीक्षा अनुमति को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी का घेराव करने के लिए अल्टीमेटम दे दिया गया है। 27 अप्रैल तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 28 अप्रैल को प्रधान पाठक प्रमोशन और परीक्षा अनुमति को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उक्त घेराव की सूचना अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर को दे दी गई है।

श्री श्रीवास ने बताया कि उक्त घोषणा के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बलौदा बाजार से डेलिगेशन के माध्यम से कई बार भेंट मुलाकात, चर्चा, परिचर्चा की जा चुकी है। आज पर्यंत समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी एवं साथीगण अपने-अपने ब्लॉक में प्रचार प्रसार करें आप सब की सहयोग से ही यह मिशन सफल हो पाएगा। घेराव हेतु अल्टीमेटम देने के दौरान जिलाध्यक्ष मुरीत श्रीवास,जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रितु मेश्राम, ब्लॉक अध्यक्ष संत कुमार साहू बलौदाबाजार, ब्लॉक अध्यक्ष लोचन प्रसाद बांधे पलारी, ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पैकरा कसडोल, आनंद कुमार धृतलहरे, धर्मेंद्र कुमार अनंत, सुरेश रात्रे, भुनेश्वर प्रसाद ध्रुव, रामजी ध्रुव सहित अनेकों शिक्षक मौजूद रहे।

■ समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 28 को होगा आंदोलन: श्रीवास



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विप्र समाज ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**सिमगा।** नगर में विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विप्र भवन में समाज के लोगों द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक व पूजा किया गया। तत्पश्चात भगवान सत्यनारायण के कथा पूजा के बाद भव्य शोभायात्रा निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस विप्र भवन में समाप्त हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जयकारे के साथ आकर्षक झांकियां, व गाजे बाजे आकर्षण का केंद्र रहा। इस बीच विभिन्न स्थानों पर प्रसाद व भंडारे का आयोजन विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक प्रमुखों द्वारा भगवान परशुराम के जीवन व उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, परीक्षित चतुर्वेदी, अभिजीत अवस्थी, नीरज शर्मा, ब्राम्हण युवा समाज के अध्यक्ष विक्रांत मिश्रा, विक्रमादित्य पांडेय, गगन शर्मा, श्रीधर तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

### राइस मील के पास एक हफ्ते से लावारिस खड़ी कार




**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ से लगभग 3 किलोमीटर दूर कारीपाट राइस मील के पास सड़क किनारे एक लाल रंग की मारुति सुजुकी कार पिछले एक सप्ताह से लावारिस हालत में खड़ी है। वाहन का नंबर सीजी 13सी 6929 बताया जा रहा है, जिसने आसपास के लोगों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की स्थिति संदिग्ध लग रही है। गाड़ी के सामने का शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिससे प्रथम दृष्टया किसी दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अब तक इस वाहन के मालिक या उससे जुड़े किसी व्यक्ति की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इतने दिनों से गाड़ी का यूं ही खड़ा रहना सुरक्षा के लिहाज से भी चिंताजनक है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि अगर यह दुर्घटनाग्रस्त वाहन है, तो अब तक इसे हटाया क्यों नहीं गया और न ही पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करने और वाहन के मालिक का पता लगाने की मांग की है, ताकि किसी भी संभावित अनहोनी को रोका जा सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस रहस्य से पर्दा कब उठाता है।

# कलेक्टर ने लिया अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

योजनाओं का क्रियान्वयन एवं आम आदमी तक बुनियादी सुविधाओं क्री पहुंच जानने कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत विभिन्न ग्रामो का दौरा किया। इस दौरान ग्राम पंचायत पनगांव एवं लाहौद में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऑपरेटर को ई-केवायसी साहित सभी सुविधाओं का लाभ लोगों को देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लाहौद में नवनिर्मित भवन में संचालित अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण के दौरान ऑपरेटर से सुविधाओं क्री जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन बैंक ट्रांजेक्शन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में पूछताछ क्री। ऑपरेटर ने बताया कि केन्द्र में लगभग 24 तरह क्री सुविधाएं उपलब्ध है।

वर्तमान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ई-केवायसी के लिये आ रहे हैं। कलेक्टर ने केन्द्र में कार्य के दौरान बिजली बाधा दूर करने के लिए इन्वर्टर क्री व्यवस्था हेतु सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने भवन के पास सोखता गड्ढा निर्माण में श्रमदान किया और लोगों को सोखता गड्ढा का महत्व बताया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्राम पंचायत पनगांव के अटल डिजिटल केंद्र का अवलोकन किया।

## ई-केवायसी और अन्य सेवाओं की जानी हकीकत






### 40 प्रतिशत हितग्राहियो का ई-केवायसी पूरा

इस दौरान ई-केवायसी के लिये पहुंची वंदन योजना के हितग्राहियों से पूछताछ क्री। महिलाओं ने बताया कि 15 से 20 मिनट में केवायसी हो जा रहा है। इसके लिये कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा। ऑपरेटर ने बताया कि लगभग 40 प्रतिशत हितग्राहियो का ई-केवायसी पूरा हो गया है शेष का 15 दिन में पूरा हो जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केन्द्र, पीडीएस दुकान समय पर खुलने आदि क्री जानकारी ली। बताया गया कि जिले में 26 स्थानों पर अटल डिजिटल सेवा केन्द्र क्री स्वीकृति मिली है जिसमें से 25 स्थानों पर संचालित है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी साहित तहसीलदार, जनपद सीईओ मौजूद थे।

### खपत : शहर में प्रतिदिन औसतन 2 लाख यूनिट बिजली की खपत हो रही

# भीषण गर्मी में बिजली की खपत 55 लाख यूनिट पार, विभाग मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

अप्रैल माह में भीषण गर्मी व लू के चलते शहर में बिजली की खपत एकाएक बढ गई है। बीते मार्च महिने में शहर में एक माह में 45 लाख यूनिट की खपत थी जो अप्रैल में बढ़कर 55 लाख यूनिट प्रतिमाह हो गई है। रोजाना शहर में दो लाख यूनिट रोजाना की खपत हो गई है। वहीं भीषण गर्मी के चलते बिजली विभाग द्वारा मेनटेनेंस का कार्य भी नहीं करवा पा रहे हैं क्योंकि मेनटेनेंस के दौरान दिन भर बिजली बंद करनी पडती है जिससे आमजनता की तकलीफों का सामना करना पडेगा। फिलहाल मेनटेनेंस को टाल दिया गया है। शहर क्षेत्र 13 फीडरो में बंटा हुआ है हटरी बाजार, सतसंग भवन, पटपर, मातादेवालय कालोनी एवं टिकुलिया फीडर जहां से शहर की बिजली आपूर्ति होती है। वहीं शहरी क्षेत्र मे 506 ट्रांसफार्मर लगे हुए है जिनकी क्षमता 25 केवी से 200केवी तक की है जिसमे जहां ज्यादा लोड वाला क्षेत्र है। वहां बडा ट्रांसफार्मर व जहां कम लोड है वहाऔ छोटा ट्रांसफार्मर लगा हुआ है।



फाइल फोटो

### रोजाना मिल रही 100 से ज्यादा शिकायतें

वहीं बलौदाबाजार के अधीक्षण अभियंता जीपी अनंत का कहना है कि जनता को त्वरित निराकरण के तहत किसी भी तरह की शिकायत पर 10 मिनट मे सुधार कार्य किया जाता है इसके लिए डीई ,एई, को विशेष निर्देश दिये गये है। किसी प्रकार की बिजली की शिकायत को तत्काल अटेंड करें इसके लिए समय समय पर डिवीजन की समय समय पर बैठक मे इसकी समीक्षा होती है कि उपभोक्ताओं को पूरी बिजली मिले। वर्तमान समय मे भीषण गर्मी के चलते फ्यूज काल की शिकायत यहां पर रोजाना 100 से अधिक है जिसमें प्रमुख समस्या ट्रांसफार्मर का एचडीओ गिरना, अधिक गर्मी के चलते सर्विस लाईध मे कार्बन आना, तार टूटना जैसी शिकायतें आम हैं। वहीं प्रयास यह रहता है की शहर के चारो कोनों पटपर, खोखली रोड, सुरजपुरा रोड, नाका नं. एक तक जो फाल्ट हो वह तत्काल ठीक हो।

### 17 हजार उपभोक्ताओं पर नजर, 24/7 सक्रिय है टीम

इस संबंध मे डीई वीके राठिया एवं सहायक अभियंता वासुदेव साहू ने बताया कि बलौदाबाजार अधीक्षण अभियंता जी.पी.अनंत के निर्देश पर विद्युत व्यवस्था किसी भी तरह से बाधित न हो और सुचारू रूप से शहर एवं ग्रामीण इलाकों मे लगातार मिलती रहे इसकी पूरी कोशिश विभाग द्वारा की जा रही है वहीं वर्तमान मे 43 डिग्री के भीषण तापमान मे भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। वहीं सहायक अभियंता वासुदेव साहू ने बताया की मौजूदा समय मे एक मेनटेनेंस गाडी और एक कम्प्लेंट गाडी चौबीस घंटे तैनात रहती है और कही से भी शिकायत मिलते ही 10-15 मिनट मे पहुंचकर सुधार कार्य में जुट जाती है। वहीं बिजली व्यवस्था को और चुस्त बनाने के लिए 5 बडे ट्रांसफार्मर मिले है जो बिजली सप्लाई करते हैं इनमे टाऊन वन में 10 एमएवी, सेंटमेरी 10एमएवर, पटपर 10 एमएवी, टेहकारोड मे 3.15—3 .15 के हैं जहां से शहर के 17000 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली दी जाती है वहीं अधिक गर्मी के चलते इन ट्रांसफार्मरो को कूलिंग भी किया जाता है।

# ज्ञान भारत मिशन पर विशेष गोष्ठी, छात्रों से पांडुलिपियां संरक्षित करने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर सारंगढ़ से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में 23 अप्रैल 2026 को "ज्ञान भारतम्‌ मिशन" के अंतर्गत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी कला संकाय के कक्ष क्रमांक 03 में दोपहर 01:00 से 02:00 बजे तक तथा विज्ञान संकाय के कक्ष क्रमांक 21 में अपराह्न 03:00 से 04:00 बजे तक संपन्न हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के गांवों और शहरों में अनेक प्रतिभाशाली रचनाकारों की पांडुलिपियां आज भी अप्रकाशित हैं, जो हमारी अमूल्य धरोहर हैं। सरकार द्वारा इन पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जागरूकता के साथ अपने आसपास के क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर ऐसी पांडुलिपियों की जानकारी एकत्र करें, ताकि इस महत्वपूर्ण धरोहर को संरक्षित किया जा सके। गोष्ठी में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण सुनीता विक्रम कोशले, पंकज साहू, तुलेश्वर ध्रुव, अन्नू केवरा, डॉ. सुमनलता, रंगनाथ यादव, दीपक कुमार कुर्रे, टीकाराम, लेविश कुमार, गौरव शुक्ला, दूजबाई भारद्वाज, नैना निराला, रेशम चौहान, नरेंद्र राकेश एवं धनंजय कर्ष सहित बड़ी संख्या में कला एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तहसील साहू संघ ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

तहसील मुख्यालय सिंगारपुर में तहसील साहू संघ भाटापारा के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह जी की जयंती समस्त सामाजिक बंधुओं एवं भगिनियों की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने भामाशाह जी के त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं दानवीरता के प्रसंगों पर प्रकाश डाला और युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ द्वारा विभिन्न सामाजिक प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओबीसी मोर्चा चन्द्र प्रकाश साहू, तहसील अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, सहादेव साहू, वीरेंद्र साहू, गोरे साहू, रामसागर साहू, सती साहू, लोकनाथ साहू, नारायण साहू, लाला साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु-भगिनी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने सामाजिक एकता, शिक्षा और स्वावलंबन पर चर्चा करते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

### महतारी वंदन योजना की हितग्राही बनी दुग्ध व्यवसायी

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही एक महिला ने योजना की किस्त की मदद से दुग्ध व्यवसाय शुरू किया है। मंदिर हसौद के ग्राम पिपरहट्टा निवासी उषा बैस की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। महतारी वंदन योजना की किस्त मिलने से उसके जीवन में बदलाव आया। उसने दुग्ध का व्यवसाय शुरू किया, जिससे उसकी सालाना आय लगभग एक लाख रुपए तक पहुंच गई है। उषा को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खोमेश्वरी साहू ने इस योजना के बारे में जानकारी दी और आवेदन के लिए प्रेरित किया।

# माताओं के लिए शुरू हुआ 'बेसिक फोनिक्स' सत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- घर पर बच्चों को बेहतर सिखा सकेंगी माताएं

अंबुजा विद्या पीठ रवान में अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से 23 अप्रैल से सात दिवसीय विशेष 'बेसिक फोनिक्स सत्र' का उत्साहपूर्ण आगाज़ हुआ। यह कार्यशाला विशेष रूप से विद्यालय की सभी सम्मानित माताओं के लिए आयोजित की जा रही है, ताकि वे बच्चों के शुरुआती भाषाई कौशल को घर पर ही मजबूती दे सकें। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने शिक्षा में माताओं की भूमिका पर विशेष ज़ोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा /"एक बच्चा स्कूल आने से पहले अपने घर में अपनी माँ से सीखना शुरू करता है। माताएं ही बच्चे की पहली और सबसे महत्वपूर्ण गुरु होती हैं। यदि माताएं उच्चारण और ध्वन्यात्मकता के वैज्ञानिक नियमों से अवगत होंगी, तो वे घर पर बच्चों की पढ़ाई में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से मदद कर पाएंगी। डॉ. प्राचार्य ने आगे कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और माताओं का यह उत्साह न केवल उनके स्वयं के कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि बच्चों के लिए भी एक मिसाल पेश करेगा। उन्होंने इसे विद्यालय और अभिभावकों के बीच की दूरी को कम करने वाला एक 'साझा शैक्षणिक प्रयास' बताया। इस 7 दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य माताओं को अंग्रेजी के सही उच्चारण और ध्वनियों के तालमेल को सिखाना है। यह सत्र दो चरणों में, आज 23 अप्रैल से 25 अप्रैल और पुनः 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा। समयः प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक। पहले दिन के सत्र में 'लेटर साउंड्स' और शब्दों के बुनियादी गठन पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।



# इंद्र साव को 1 मई को भामाशाह जयंती समारोह का निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड साहू समाज भाटापारा के द्वारा विधायक इंद्र साव से मुलाकात कर लाल बहादुर शास्त्री पटपर में स्थित साहू समाज सामुदायिक भवन हेतु बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य लागत राशि रुपए 10 लाख घोषणा किए जाने के फलस्वरुप मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेटकर धन्यवाद ज्ञापित किया। एवं 1 मई को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड सामुदायिक भवन में महान दानवीर भामाशाह की जयंती कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के वार्ड अध्यक्ष खिलावन साहू उपाध्यक्ष आनंद साहू वरिष्ठ समाज सेवी मनीराम साहू वरिष्ठ समाज सेवी अशोक साहू, प्रेम साहू एवं अन्य समाज सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 107 किशोरियों को लगाया एचपीवी का निशुल्क टीका

**रायपुर।** सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौत को रोकने के लिए एम्स, जिला एवं आंबेडकर अस्पताल सहित तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। निराश करने वाली बात यह है कि गंभीर बीमारी से बचाने वाली इस निशुल्क टीका के प्रति झिझक कम नहीं हो रही है। रायपुर जिले में 36 दिन के अभियान में केवल 107 किशोरियों को यह टीका लगाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा यह टीका निशुल्क उपलब्ध कराया गया है जबकि प्रायवेट सेक्टर में इसके लिए डेढ़ से दो हजार रुपए खर्च करना पड़ता है। यह टीका 14 से 15 साल के बीच की आयु वाली किशोरियों को लगाया जा रहा है। अन्य जिलों के साथ रायपुर में इसकी शुरुआत 17 मार्च से की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### भागवत कथा के चौथे दिन गूंजे 'नंद घर आनंद भयो

# सत्संग ही है मुक्ति का मार्गः आचार्य राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

ग्राम अहिल्दा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्‌ भागवत कथा का चतुर्थ दिवस अत्यंत भक्तिमय रहा। इस दौरान कथा व्यास आचार्य राजेंद्र महाराज ने श्री कृष्ण प्राकट्य महोत्सव का सरस और मनमोहक वर्णन किया। कथा पांडाल में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की धुन बजते ही श्रद्धालु झूम उठे और 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। आचार्य राजेंद्र महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्‌ भागवत एक आध्यात्मिक दीप है, जो जीवन के अंधेरे को मिटाता है। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति की पहली सीढ़ी सत्संग है। सत्संग से ही मनुष्य का विवेक जागृत होता है और व्यक्ति ईश्वर के प्रति आस्थावान बनकर अपने घर-परिवार व समाज में यश प्राप्त करता है। आचार्य ने स्पष्ट किया कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है और सनातन पर आघात होता है, तब-तब भगवान का अवतार होता है। उन्होंने कहा कि संसार के समस्त प्राणी अपने कर्मों के अनुसार विभिन्न योनियों में जन्म लेते हैं, किंतु मनुष्य योनि का मिलना अर्जित पुण्यों का ही परिणाम है। भगवान का अवतार केवल राक्षसों के वध के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण जगत के कल्याण और धर्म की स्थापना के लिए होता है। द्वापर युग में भगवान श्री नारायण ने 20वां अवतार लेकर श्री कृष्ण के रूप में जन्म लिया था।



### कथा में जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

श्री कृष्ण जन्मोत्सव की खुशी में शामिल होने के लिए क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक पहुंचे। चौथे दिन की कथा श्रवण करने वालों में पूर्व विधायक शकुंतला साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके साथ ही कमला साहू, कमलेश्वरी साहू, परी साहू, फूल सायं साहू, कमलेश कुमार साहू, नंदनी दिलेश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। श्रीमद् भागवत कथा के इस भव्य आयोजन के मुख्य आयोजक संतोषी राम प्रसाद साहू ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं और पुण्य के भागी बनें।

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत
कसडोल, अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय
अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार (छ.ग.)
मो. 9926204007, 8370049468